**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**04.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मंडी जिला में आपदा के कारण हुए जान– माल के नुकसान पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की इस घड़ी में क्षेत्र के लोगों ने साहस और दृढ़ता का परिचय दिया है और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, लोगों का मनोबल मजबूत बना हुआ है। राज्यपाल और लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने आज बिलासपुर जिला के ऐतिहासिक मार्कंडेय मंदिर में पूजा–अर्चना करने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान ये बात कही। राज्यपाल ने प्रदेश के लोगों की सुख–समृद्धि की कामना भी की।

**अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में हाल ही में हुई भारी बारिश के कारण उत्पन्न कठिन परिस्थितियों के बावजूद जल शक्ति विभाग ने 5 हजार 4 सौ 40 जलापूर्ति योजनाओं को अस्थायी रूप से बहाल कर दिया है। उन्होंने कहा कि ये कुल प्रभावित जलापूर्ति योजनाओं का लगभग 95 प्रतिशत है। उप–मुख्यमंत्री ने विपरीत परिस्थितियों में विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्य की सराहना की है। उन्होंने कहा कि विभाग के कर्मचारी दिन–रात फील्ड में रहकर प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की बहाली में जुटे हुए हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित जलापूर्ति योजनाओं को लगभग 4 सौ 34 करोड 47 लाख़ रुपये का नुकसान हुआ है और एक हजार 2 सौ 93 सिंचाई योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं।

**जयराम ठाकुर**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने लॉटरी को दोबारा शुरू करने के प्रदेश सरकार के फैसले को जनविरोधी बताया है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री प्रौफेसर प्रेम कुमार धूमल ने लोगों के घर उजड़ने और आत्म हत्याओं की घटनाओं के बाद लॉटरी को बंद किया था। जयराम ठाकुर ने कहा कि लॉटरी के कारण कई परिवार तबाह हुए और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने भी इसे बंद किया था।

**परमार जयंती**

हिमाचल निर्माता व प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ यशवंत सिंह परमार को आज उनकी एक सौ 19वीं जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। ग्रामीण विकस व पंचायतीराज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने शिमला के रिज मैदान पर स्थित डॉक्टर यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस

मौके पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इस बीच अनिरूद्ध सिंह ने प्रदेश विधानसभा पुस्तकालय में डॉक्टर यशवंत सिंह परमार की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की। उन्होंने डॉक्टर यशवंत सिंह परमार के योगदान को याद करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास को आगे बढ़ाया। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में भी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने डॉ0 यशवंत सिंह परमार को उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**रोजगार योजना**

केन्द्र सरकार द्वारा युवाओं के लिए प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू की गई है, जिसके तहत नई नौकरी ज्वाईन करने वाले युवाओं का ईपीएफ काटा जाता है। सोलन में युवाओं ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह केन्द्र सरकार की लाभकारी योजना है।

***केंद्र सरकार द्वारा एक जो नई योजना लागू की गई है, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना बहुत अच्छी योजना है, जो लोग नए नौकरी लगे हैं, उनका जो पीएफ कटता है या जो ईपीएफ कटता है, उसमें जो है सहायता राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जाएगी, भारत सरकार ने जो एक प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना चलाई, बहुत ही अच्छी योजना है, इसमें जो ईपीएफ कटेगा उससे जो युवाओं को उनको काफी इसमें फायदा रहने वाला है, क्योंकि इसमें साथ में जो राहत राशि भी मिलेगी, जैसे वो रिटायर हो गया कुछ टाइम के बाद उसको मिलने वाली है, जो नए युवाओं को रोजगार मिलेगा, उनका ईपीएफ कटेगा और जो सरकार है अपनी ओर से भी उन्हें थोड़ी राहत राशि जरूर दे, काफी अच्छी योजना है, इससे युवाओं में जो कार्य करने की इच्छा है वो और बढ़ेगी।***

---